## संक्षिप्त

### इनामी वांछित गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक टोंक के निर्देशन में वांछित अपराधियों की धरपकड अभियान के तहत पुलिस उप-अधीक्षक निवाई रविप्रकाश शर्मा के सुपरविजन में निवाई थानाधिकारी घासीराम के नेतृत्व में गठित टीम ने वांछित अपराधी परशुराम पुत्र भैरूलाल मीणा उम्र 23 साल निवासी हाडावाली ढाणी जुगलपुरा थाना निवाई को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी 3 प्रकरणों में करीब दो वर्ष से फरार चल रहा था, जिसके खिलाफ थाना निवाई पर 10 प्रकरण दर्ज है, जो थाना निवाई का सक्रिय अपराधी है। आरोपी को वर्ष 2024 को जिला स्तर का टॉप-10 अपराधी के रूप में चयन किया गया, जिसके विरूद्ध 10 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया।

### समस्या समाधान शिविर 16 से

**दौसा।** वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों के अन्तर्गत 16 से 24 दिसम्बर तक भू-अभिलेख निरीक्षक वृत मुख्यालयों पर ग्रामीण समस्या समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर अरविन्द शर्मा ने बताया कि ग्रामीण समस्या समाधान शिविरों में आमजन को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के साथ आधारभूत सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। पहले दिन मंगलवार को जसोता (दौसा), पीचूपाड़ा खुर्द (बांदीकुई), गीजगढ़ (सिकराय), रसीदपुर (महवा), हल्दैना (मण्डावर), शिवसिंहपुरा (लालसोट), खवारावजी (नांगल राजावतान), कल्लावास (रामगढ़ पचवारा) एवं काली पहाड़ी (सैंथल) में शिविर आयोजित होंगे। शिविर सुबह 10 बजे से शुरू होंगे, जहां सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करेंगे।

### आवेदन आमंत्रित

**दौसा।** माडा योजनान्तर्गत जिला परिषद के अधीन संचालित विद्यालय स्तरीय छात्रावासों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विभिन्न विषयों के लिए गेस्ट फेकल्टी के आवेदन आमंत्रित किए गये है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिरदी चन्द गंगवाल ने बताया कि कठिन विषयों गणित, विज्ञान, अंग्रेजी एवं ऐच्छिक विषयों भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान एवं गणित के एक-एक पद के लिए अनुभवी विशेषज्ञ व्यक्तियों को गेस्ट फैकल्टी के रूप में लिया।

# मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर गौ पूजन व चारा वितरण

**टोंक।** राजस्थान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जन्मदिन भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम के तहत मुख्यालय स्थित श्री गांधी गौशाला में गौ पूजन एवं चारा वितरण किया गया, बाद में सआदत अस्पताल टोंक में रक्तदान शिविर एवं चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया।

इसमें 35 यूनिट ब्लड डोनेट किया, बाद में जगदीश सेवा संस्थान बृज विहार में मानसिक विमंदित बच्चो के साथ भोजन ग्रहण किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार पारदर्शिता, सुशासन एवं जनकल्याण के साथ काम कर रही है। सरकार ने `तृत्व में दो वर्षों में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज राजस्थान की भजनलाल सरकार जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतर रही हैं। चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार ने दो वर्षों में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं, बीते दो वर्षो में बिजली, पानी, युवा, महिला सशक्तिकरण, कानून व्यवस्था, रोजगार तथा ईआरसीपी जैसे अहम विषयों पर प्रभावी कार्य हुआ हैं। इस अवसर पर जिला कलेक्टर कल्पना



राजस्थान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिन पर टोंक में भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गौ शाला में गायों को चारा खिलाया।

- **भाजपा कार्यकर्ताओं ने 35 यूनिट ब्लड डोनेट किया**

अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराना, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया, जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी, प्रधान काबरा, बबलू टैंकर, राजेश शर्मा, जिला मंत्री हरिराम यादव, तरुण टिक्किवाल, रामकिशन गुर्जर, बीना छामुनिया, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिरोठा, शम्भू शर्मा, प्रवक्ता विजय मालवानी, मीडिया प्रभारी कमलेश यादव आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष चौहान ने टोंक विधानसभा के ग्राम मण्डावर में भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों तथा विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने की दिशा में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा कर विकास रथ को रवाना किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने चुनाव के समय जो वादे किए थे उनमें से 70 प्रतिशत वादे दो वर्ष में ही पूरे कर लिए है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने का हिस्सा बने।

## रवि शर्मा कोटपूतली के नये न्यायाधीश होंगे

**कोटपूतली।** राजस्थान हाईकोर्ट द्वारा यहां कार्यरत जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिवानी सिंह का स्थानान्तरण हाईकोर्ट में ही विशेष सेवाओं पर किया गया हैं। उनके स्थान पर रवि शर्मा को नया जिला एवं सत्र न्यायाधीष लगाया गया हैं।

राजस्थान हाईकोर्ट द्वारा सभी

- **राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति आशुतोष शर्मा प्रभारी जज होंगे**

जिलों में राजस्थान हाईकोर्ट के प्रभारी जजों की नियुक्ति भी की गई है।

नवगठित कोटपूतली-बहरोड जिले के जिला एवं सत्र न्यायालय हेतु न्यायमूर्ति आशुतोष शर्मा को प्रभारी जज के रूप में नियुक्त किया गया हैं।

वहीं नये जिला जज रवि शर्मा मंगलवार को प्रातः 10 बजे कार्यभार ग्रहण करेगें। जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष बजरंग लाल शर्मा ने बताया कि निवर्तमान जिला जज शिवानी सिंह का विदाई एवं नये जिला जज रवि शर्मा का स्वागत समारोह मंगलवार प्रातः 10 बजे न्यायालय परिसर में होगा। जिसमें बड़ी संख्या में अधिवक्तागण भाग लेगें।

## सार-समाचार

### क्रेडिट लिंकेज कार्यक्रम आयोजित

भरतपुर, (निस)। महिला स्वयं सहायता समूहों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत राजस्थान ग्रामीण बैंक के तत्वावधान में महिला स्वयं सहायता समूह क्रेडिट लिंकेज कार्यक्रम का आयोजन भरतपुर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नाबार्ड के 'उप महाप्रबंधक विजय राणा' रहे। विशिष्ट अतिथियों में राजस्थान ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सिद्धांत मिश्रा, सहायक महाप्रबंधक सुनील कुमार अग्रवाल तथा नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक शिवम अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विजय राणा, डीजीएम नाबार्ड ने कहा कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आधार शिला हैं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से ही समावेशी एवं सतत विकास संभव है। नाबार्ड एसएसजी बैंक लिंकेज कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। राजस्थान ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सिद्धांत मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि राजस्थान ग्रामीण बैंक स्वयं सहायता समूहों को प्राथमिकता के आधार पर ऋण सुविधा उपलब्ध करा रहा है। एसएसजी सदस्यों द्वारा समय पर ऋण अदायगी बैंक के प्रति उनके विश्वास और अनुशासन को दर्शाती है। सहायक महाप्रबंधक सुनील कुमार अग्रवाल ने बताया कि बैंक द्वारा सरल एवं पारदर्शी प्रक्रियाओं के माध्यम से महिलाओं एवं उद्यमियों को ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे स्वरोजगार और आय सृजन को बढ़ावा मिल रहा है। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक शिवम अठावाल ने स्वयं सहायता समूहों को ऋण के उचित उपयोग, वित्तीय अनुशासन तथा सरकारी योजनाओं से अधिकाधिक जुड़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान ऋण वितरण एवं सहायता राशि का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं, किसानों एवं छोटे उद्यमियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करना रहा। कार्यक्रम का संचालन 'वरिष्ठ प्रबंधक प्रशांत पाराशर' द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, बैंक अधिकारी, एनआरएलएम प्रतिनिधि एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### वार्षिक उत्सव मनाया

**दौसा।** सिविल लाइन हरिपुरा रोड स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दौसा में सोमवार को स्थापना दिवस सह वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य लेखराम सैनी ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन यूआईटी सचिव दौसा मूलचंद लूनिया के सानिध्य में किया गया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, जिसमें पीएम श्री की थीम पर आधारित लघु नाटिका, स्वच्छता का संदेश देने वाली नाटिका, विद्यालय गीत, योग नृत्य, मूकाभिनय, राजस्थानी, मराठी व गुजराती नृत्य, राजभाषा नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को निरंतर करतल ध्वनि करने के लिए मजबूर किया। कार्यक्रम के दौरान ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा पीएम श्री और केंद्रीय विद्यालय की फ्लेगशिप योजनाओं के बारे में अनेक मनोरंजक और ज्ञानवर्धन कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि ने विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तथा सर्वश्रेष्ठ बोर्ड परीक्षा परिणाम देने वाले छात्रों के साथ-साथ विगत बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले विषयाध्यापकों को भी प्रशंसा पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन भावना पीजीटी अंग्रेजी ने किया तथा अमरीश शंकर शर्मा पीजीटी गणित द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

### 33 यूनिट रक्त एकत्रित

**फुलेरा।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सोमवार को फुलेरा उपजिला अस्पताल में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य एवं रक्तदान शिविर पीएमओ डॉ. धर्मेन्द्र भामू के निर्देशन में हुआ, रक्तदान शिविर फुलेरा ब्लड बैंक व तुलसी फाउण्डेशन के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें 33 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस अवसर पर फुलेरा के पूर्व विधायक एवं भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य निर्मल कुमावत ने अस्पताल पहुंचकर रक्तदान करने वाले युवाओं एवं मातृशक्ति का उत्साहवर्धन किया तथा उपस्थित अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने चिकित्सा प्रभारी डॉ. धर्मेन्द्र भामू से अस्पताल की व्यवस्थाओं व गतिविधियों की जानकारी ली। पूर्व विधायक कुमावत ने आमजन से चर्चा करते हुए राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आव्हान किया। शिविर में डॉ. पीयूष तिवारी, डॉ. रमेश रैबारी, डॉ. आदित्य राठौड, बालचंद जांगिड़ सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

## भाजपा का रथ गांवों के लिए निकला

**दौसा।** भाजपा सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों, फ्लैगशिप योजनाओं और बजट घोषणाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य रथ यात्रा निकाली। रथयात्रा ग्राम पंचायत तीतरवाड़ा, सिंडोली अटल सेवा केन्द्र से विधानसभा प्रभारी रितेश शर्मा ने रथयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर भाजपा विधानसभा प्रभारी रितेश शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने दो वर्षों में जन कल्याणकारी योजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी और सामाजिक सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में ठोस कार्य किया गया है। जिसका सीधा लाभ आमजन तक पहुंचे। भाजपा कुण्डल मण्डल अध्यक्ष रामप्रसाद गुर्जर ने बताया कि विकास रथ यात्रा विधानसभा क्षेत्र के गांवों और शहरी इलाकों में दौरा करेगा। इन रथों के माध्यम से आडियो वीडियो प्रस्तुती के जरिए सरकार की योजनाओं, नीतिगत सुधारों और

- **फ्लैगशिप योजनाओं व बजट घोषणाओं का प्रचार करेगा**
- **सरकार ने अपने दो वर्षों में जन कल्याणकारी योजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी**

विकास कार्यों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाई जाएगी। ताकि अधिक से अधिक पात्र लोग योजनाओं का फायदा उठा सके। कार्यक्रम में भाजपा कुण्डल मण्डल रामप्रसाद गुर्जर, कार्यालय मंत्री किशोरी लाल, भाजपा मण्डल अध्यक्ष सैंथल रामलाल शर्मा, मदन लाल गुर्जर, नरपतसिंह, कुण्डल मण्डल उपाध्यक्ष मुरारी लाल शर्मा, महामंत्री सुगन मीणा, बूथ अध्यक्ष कृष्ण शर्मा आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गायों को चुनरी ओढ़ा कर गुड खिलाया

**कोटपुतली।** जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर खेड़ा निहालपुरा स्थित गौशाला में सोमवार को गोसेवा की। उन्होंने गोवंश की पूजा अर्चना कर चुनरी उढायी एवं गुड, दलिया व हरा चारा खिलाया। उन्होंने कहा कि गोसेवा भारतीय संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा रहा है तथा राज्य सरकार गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राधा कृष्ण गौ सेवा समिति खेडा निहालपुरा कोटपूतली द्वारा आयोजित गोसेवा कार्यक्रम में पशुपालन विभाग द्वारा गौशाला में जल स्त्रोतों की साफ सफाई की गई एवं रंग रोगन का कार्य किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण, नोडल अधिकारी डॉक्टर कैलाश शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि सुमन वर्मा उपसरपंच कैलाश चंद हरफूल, पांच राम सिंह गुर्जर गौरक्षक राकेश गंगाराम खटाना छितर गुर्जर आदि मौजूद रहे।

## फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर

**दौसा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में रबी फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर है। रबी-2025-26 सीजन के लिए गेहूं, जौ, चना, सरसों, तारामीरा एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा में सौंफ, नींबू, आम, टमाटर, तरबूज को अधिसूचित किया गया है। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक रामराज मीना ने बताया कि गेहूं की बीमित राशि 91835, जौ की 61935, चना की 80244, सरसों की 103337, तारामीरा की 33813 प्रति हेक्टेयर है। किसान को बीमित राशि का 1.5 प्रतिशत ही वहन करना है। शेष प्रीमियम केन्द्र व राज्य सरकार 50-50 प्रतिशत के अनुपात में जमा कराया जाएगा। दौसा जिले में योजना की अधिसूचना के लिए एग्रीकल्चर इन्शोरेंस कम्पनी ऑफ इन्डिया लिमिटेड को अधिकृत किया गया है। जिन कृषकों ने किसी भी बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ले रखा है तथा नियमित लेन-देन कर रहे हैं, उनका फसल बीमा बैंक द्वारा स्वतः ही किया जाता है। किसान द्वारा फसल की बुवाई के परिवर्तन की सूचना 29 दिसम्बर तक की जा सकती है। यदि कोई केसीसी धारक कृषक अपनी फसल का बीमा नहीं करवाना चाहता है तो वो संबंधित बैंक में 24 दिसम्बर से पूर्व योजना से पृथक रहने के लिए घोषणा-पत्र प्रस्तुत कर सकता है। घोषणा-पत्र का प्रारूप सम्बन्धित वित्तीय शाखा बैंक के पास उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार योजनान्तर्गत ऋणी एवं केसीसी धारक कृषक का बीमा राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल, नज़दीकी बैंक शाखा, सीएससी के माध्यम से करवा सकते हैं। प्रीमियम कटौती ऋणी एवं केसीसी धारक कृषकों के खाते से की जाएगी। गैर ऋणी कृषकों को अपनी फसल का बीमा करवाने के लिए प्रस्तावित क्षेत्रफल में बोई गई एवं बोई जाने वाली फसल का स्वप्रमाणित नवीनतम जमाबन्दी की नक़ल, बुवाई प्रमाण पत्रा तथा बैंक पास बुक की फोटो प्रति व आधार कार्ड की प्रति देनी होगी।

# राकेश तिवाड़ी का अध्यक्ष बनने पर स्वागत

**किशनगढ बास।** कला मंच समिति किशनगढ़ बास के अध्यक्ष एडवोकेट राकेश तिवाड़ी का अभिभाषक संघ का अध्यक्ष बनने पर कला मंच समिति की ओर से साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष अभिभाषक संघ एडवोकेट अजीत राव, एडवोकेट जगन पटेल, एडवोकेट कमरूदिन, अमर सैनी, सुंदर पटेल का भी कला मंच की और से स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष तिवाड़ी ने सदस्यों का धन्यवाद किया और कहा कि वकील साथियों के विश्वास और भरोसे को पूरा करना और उनके मान सम्मान की रक्षा करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। एडवोकेट तिवाड़ी ने कहा कि मैंने रामलीला के मंच पर भगवान राम के पात्र की भूमिका में भगवान राम के आदर्श जीवन और न्याय शासन को अभिनय के रूप में किया है और उन्हीं से प्रेरणा लेते हुए संघ की सेवा करेंगे। तिवाड़ी ने भाषण में कहा अधिवक्ताओं के लिए पेंशन योजना को वह जल्द से जल्द लागू करना व अधिवक्ता के



कलां मंच संरक्षक उमेश कांत वशिष्ठ, पार्षद शिवहरि गुर्जर ने नवनिर्वाचित अभिभाषक संघ अध्यक्ष राकेश तिवाड़ी का स्वागत किया।

- **वकीलों के मान सम्मान और अधिकारों के लिए कहीं पर किसी के पास भी जाना पड़ा तो जाऊंगा : तिवाड़ी**

साथ कोई हादसा होने पर उन्हें आर्थिक सहायता दी जाए ऐसे प्रयास रहेंगे। इसी के साथ उन्होंने ने आश्वस्त किया कि अभिभाषक संघ के किसी भी कार्य के लिए किसी भी राजनैतिक हस्ती या प्रशासन के पास जाने पर कोई गुरेज नहीं करेंगे। कला मंच समिति के मीडिया प्रभारी नवीन जैन ने बताया कि स्वागत कार्यक्रम के दौरान कला मंच के देवेन्द्र तिवाड़ी, चंद्र प्रकाश शर्मा, उमेश कांत वशिष्ठ, खेम चंद्र यादव, हरिओम गुप्ता, अशोक अठावाल, हरीश गोयल, नवीन जैन, गजेंद्र यादव, हनुमान यादव, रामपाल यादव, दीपक, सचिन गोयल, निमित्त गोयल, सुबोध अग्रवाल, नरेश वशिष्ठ सहित सदस्य मौजूद थे।

## स्थापना दिवस समारोह आयोजित

**फुलेरा।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय फुलेरा में रविवार को विद्यालय वार्षिकोत्सव एवं केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) के स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मंडल यांत्रिक अभियंता व नामित अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति रोहित मीना तथा विद्यालय प्राचार्य नरेंद्रसिंह यादव ने दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ किया गया। विद्यार्थियों की ओर से प्रस्तुत स्वागत गीत के बाद प्राचार्य ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों की आकर्षक प्रस्तुतियों, संस्कृत समूह गीत व समूह नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। स्थापना दिवस पर आधारित विशेष कार्यक्रमों ने आयोजन को गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम में लघु नाटक, देशभक्ति गीतों पर नृत्य, ऑर्केस्ट्रा, कक्षा 12वीं की विशेष प्रस्तुति तथा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' विषय पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों व उत्कृष्ट परिणाम देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

# सीएम शर्मा के जन्मदिवस पर 378 यूनिट रक्त एकत्रित

**कोटपूतली।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के 58 वें जन्मदिवस पर भाजपा नेता यादराम जांगल द्वारा राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय कोटपूतली में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा जयपुर देहात उत्तर के जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल, विधायक प्रतिनिधि राधा पटेल, सांसद प्रतिनिधि देवायुश सिंह, जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी, एडीएम ओमप्रकाश सहारण, सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत, पीएमओ डॉ. पुष्कर राज गुर्जर समेत जनप्रतिनिधिओं ने भाग लिया। शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर उत्साह से भाग लिया। प्रातः 10 से सायं 05 तक आयोजित शिविर में रक्तदाताओं का तांता लगा रहा। शिविर में सायं 04.30 बजे तक कुल 378 यूनिट संग्रहित हो चुका था। वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की डबल इंजन सरकार के फैसलों से सबका कल्याण होने की

- **भाजपा नेता यादराम जांगल द्वारा राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय कोटपूतली में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया**
- **कार्यक्रम में भाजपा जयपुर देहात उत्तर के जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल, जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी, एडीएम ओमप्रकाश सहारण समेत जनप्रतिनिधिओं ने भाग लिया।**

बात कही। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयराम गुर्जर, जिला महामंत्री एड. सुरेंद्र चौधरी, करण पटेल, उप प्रधान प्रतिनिधि एड. राजेन्द्र रहीसा, भाजपा नेता सुभाष घोघड़, जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष एड. बंजरग लाल शर्मा, गोपाल अग्रवाल, मण्डल अध्यक्ष एड. रमेश रावत, अरुण सैनी, राजेन्द्र भौनावास, राजवीर यादव, सीताराम शर्मा, प्रमोद सैनी, सोनू सरपंच, पूर्व चेयरमैन महेन्द्र सैनी, धर्मसिंह भैंसलाना, अब्दुल सत्तार, कमलेश प्रजापति, दयाराम प्रजापत, मुखिया पायला, शीशराम सरपंच, मालाराम सरपंच, धर्मपाल सरपंच, एड. चेतराम रावत, सिद्धार्थ टोरडा, जेपी कसाना, राजेन्द्र रावत, नितिन पंडितपुरा, महेश रावत, सतीश बींजाहेड़ा, सतीश कसाना, राजेन्द्र गुर्जर, दाताराम जांगल, राकेश कसाना, नरेश मेहरा, राहुल कसाना, सीताराम बंसल, खुशीराम गुर्जर, होशियार यादव, उमेश यादव, सुनील सराधना, सतीश कसाना, नितिन शर्मा, कमलेश रामपुरा, सुरेन्द्र रावत, राजेश, महेश निर्वाण समेत अन्य मौजूद रहे।

# परिचय सम्मेलन आमंत्रण के लिए घर-घर जन संपर्क जारी

**दौसा।** राजस्थान प्रांतीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण सभा दौसा के तत्वावधान में 28 दिसंबर को युवक-युवती परिचय सम्मेलन, पौष बडा महोत्सव एवं जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जावेगा। इधर जिला अध्यक्ष ज्योतिबाला की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समारोह की तैयारियों पर चर्चा की गई।

प्रांतीय गुर्जरगौड़ ब्राह्मण महिला सभा महामंत्री डॉ सीमा शर्मा ने बताया कि गुर्जरगौड़ ब्राह्मण महिला मंडल द्वारा भी कार्यक्रम की सफलता के लिए अपनी जिला कार्यकारिणी को विभिन्न कार्यों की जिम्मेदारी अलग अलग महिला प्रतिनिधि को देगी जिससे कार्यक्रम की शोभा बढ़े। बैठक में श्रीमती शकुंतला शर्मा प्रधानाचार्य, श्रीमती यदुनंदनी गौतम, ने अधिक से अधिक परिवारों तक निमंत्रण पत्र

- **युवक युवती परिचय सम्मेलन, पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन 28 को होगा**

पहुंचाने पर अपनी बात रखी। श्रीमती मनीषा गौतम, श्रीमती गायत्री गौतम, श्रीमती सीमा, श्रीमती प्रभा, श्रीमती माया, श्रीमती प्रियंका गढ़ौली, श्रीमती रश्मि, श्रीमती सुनीता, श्रीमती शोभा, श्रीमती संतोष शर्मा आदि ने बैठक में विभिन्न जिम्मेदारियों के वहन की सहमति प्रदान की। जिला अध्यक्ष ज्योतिबाला ने बताया कि युवक युवती परिचय सम्मेलन में राजस्थान राज्य के अलावा भी अन्य प्रदेशों से भी बड़ी संख्या में एक दिन पहले ही समाज बंधुओं का आगमन होने लगेगा। कार्यक्रम संयोजक हरिनारायण शर्मा मलवास ओर प्रदेश मंत्री मुकेश गौतम नारोली चौड़, लालसोट तहसील अध्यक्ष सुरेश शर्मा, संगठन मंत्री रविंद्र शर्मा भी परिचय सम्मेलन के आमंत्रण पत्र वितरण ओर जनसंपर्क में जुटे हुए है। सवाई माधोपुर, मलारना, मंडावरी, लालसोट, गंगापुर, खंडार, करौली, बामनवास, उदेई, रनवा, श्रीमा, टोंक, निवाई, कोटा, बूंदी आदि के निमंत्रण अलग अलग टीमों द्वारा पहुंचा दिए गए है। इसी क्रम में भामाशाह गंगासहाय शर्मा ढोलावास के निज निवास पर पहुंचकर संयोजक हरिनारायण शर्मा मलवास, प्रदेश मंत्री मुकेश गौतम नारोली चौड़ द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में पधारने का आमंत्रण पत्र भेट कर कार्यक्रम में पधारने का निवेदन किया गया। कार्यक्रम संयोजक हरिनारायण शर्मा मलवास ने बताया कि युवक युवती परिचय सम्मेलन में भोजन व्यवस्था, अल्पाहार, अन्य कार्यक्रम संपादन की अलग अलग समूह बनाकर जिम्मेदारी सौंपी गई। परिचय सम्मेलन प्रभारी ओर प्रांतीय सभा के प्रदेश मंत्री मुकेश कुमार गौतम नारोली चौड़ एवं बीकानेर से पधारे प्रभारी मनीष जाजड़ा बिठनौक ने बैठक में कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा समाज बंधुओं के सहभागिता पर अपने विचार रखे। ज्ञात रहे कि गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज का यह प्रथम युवक युवती परिचय सम्मेलन दौसा में होने जा रहा है। तहसील स्तर की कार्यकारिणी तक को भी व्यवस्था में जिम्मेदारी के लिए वैध श्यामसुंदर शर्मा को कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी प्रदान की गई। मुख्य अतिथि, अध्यक्षता, विशिष्ट अतिथि आदि के लिए समिति का गठन किया गया।

# मुख्यमंत्री के जन्म दिवस पर अस्पताल में आरोग्य चिकित्सा शिविर लगाया

**किशनगढ़ बास।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के जन्मदिवस ओर भाजपा सरकार के गौरवपूर्ण 2 वर्ष पूरे होने के पावन अवसर पर सोमवार को किशनगढ़ बास हॉस्पिटल में आरोग्य चिकित्सा शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय परिषद

- **राष्ट्रीय परिषद भाजपा सदस्य पूर्व विधायक रामहेत यादव सहित भाजपा नेता रहे मौजूद**

भाजपा सदस्य व पूर्व विधायक रामहेत यादव ने किया।

इस अवसर पर हॉस्पिटल प्रभारी डॉ. अतुल गौड ने भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य रामहेत यादव को




डॉ. अतुल गौड व बीसीएमएचओ सतीश यादव ने राष्ट्रीय परिषद भाजपा सदस्य पूर्व विधायक रामहेत यादव को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

गुलदस्ता भेंट कर स्वाागत किया। कार्यक्रम में बीसीएमएचओ सतीश यादव, डॉ. मण्डल महामंत्री जगदीश यादव, पूर्व सरपंच भोलाराम शर्मा, मण्डल उपाध्यक्ष तेजसिंह सैनी, जसवंत यादव, गिर्राज गुर्जर, कार्यालय मंत्री संदीप वलेचा, हीरू हरवानी, विनोद मिश्रा, हेमेन्द्र चौधरी, शिवहरि गुर्जर, सौदान सैनी, अमरसिंह सैनी, बनेसिंह नरूका, रिंकेश गुप्ता, अमरसिंह सैनी, निजी सचिव राकेश यादव मौजूद रहे।